Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 26 अक्तूबर, 2021

अंतर्राष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस

हिम तेंदुओं के प्रवास क्षेत्र के संरक्षण को बढ़ावा देने हेतु प्रतिवर्ष 23 अक्तूबर को ‘अंतर्राष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस’ का आयोजन किया जाता है। वर्ष 2013 की ‘बिश्केक घोषणा’ (Bishkek Declaration) के तहत 23 अक्तूबर को ‘अंतर्राष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस’ के रूप में अधिसूचित किया गया था। गौरतलब है कि वर्ष 2013 में 12 ‘स्नो लेपर्ड’ रेंज देशों (अफगानिस्तान, भूटान, चीन, भारत, कज़ाखस्तान, किर्गिज़ गणराज्य, मंगोलिया, नेपाल, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान) द्वारा बिश्केक घोषणा पर हस्ताक्षर किये गए थे। साथ ही इस अवसर पर ‘वैश्विक हिम तेंदुआ और पारिस्थितिकी तंत्र संरक्षण’ (GSLEP) कार्यक्रम की शुरुआत भी की गई थी। हिम तेंदुए का वैज्ञानिक नाम ‘पैंथेरा अनकिया’ (Panthera Uncia) है। हिम तेंदुआ या ‘स्नो लेपर्ड’ को ‘पहाड़ों का भूत’ (Ghost of the Mountains) भी कहा जाता है, क्योंकि इनके संकोची स्वभाव और खाल के रंग के कारण इन्हें बर्फीले वातावरण में देखना बहुत ही मुश्किल होता है। हिम तेंदुए उत्तरी और मध्य एशिया के ऊँचे पहाड़ों (हिमालय क्षेत्र सहित) के विशाल क्षेत्र में रहते हैं। हिम तेंदुए को IUCN रेड लिस्ट में सुभेद्य (Vulnerable) की सूची में रखा गया है। वहीं भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 की अनुसूची-I के तहत हिम तेंदुए का शिकार करने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

‘अभ्यास’- हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट

‘रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन’ ने बंगाल की खाड़ी के तट पर चांदीपुर (ओडिशा) स्थित ‘एकीकृत परीक्षण रेंज’ (ITR) से विभिन्न मिसाइल प्रणालियों के मूल्यांकन हेतु उपयोग किये जाने वाले ‘अभ्यास’ (ABHYAS) नामक ‘हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट’ का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। इस वाहन का उपयोग विभिन्न मिसाइल प्रणालियों के मूल्यांकन हेतु हवाई लक्ष्य के रूप में किया जा सकता है। इस संबंध में रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, ‘अभ्यास’ को ‘रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन’ के बंगलूरू स्थित वैमानिकी विकास प्रतिष्ठान (ADE) द्वारा डिज़ाइन और विकसित किया गया है। एक बार पूर्णतः विकसित होने के पश्चात् यह स्वदेशी विमान भारतीय सशस्त्र बलों की ‘हाई-स्पीड एक्सपेंडेबल एरियल टारगेट’ (HEAT) की आवश्यकताओं को पूरा करेगा। इस एयर व्हीकल को ट्विन अंडर-स्लंग बूस्टर का उपयोग करके लॉन्च किया जाता है जो वाहन को प्रारंभिक त्वरण प्रदान करते हैं। यह गैस टरबाइन इंजन द्वारा संचालित है जो सबसोनिक गति से लंबी एन्ड्योरेंस उड़ान को बनाए रखता है।

‘सखारोव प्राइज़ फॉर फ्रीडम ऑफ थॉट्स’

रूस के विपक्षी नेता और राजनीतिक कैदी ‘अलेक्सी नवालनी’ को हाल ही में यूरोपीय संसद के शीर्ष सम्मान ‘सखारोव प्राइज़ फॉर फ्रीडम ऑफ थॉट्स’ से सम्मानित किया गया है। ‘सखारोव पुरस्कार’ यूरोपीय संघ द्वारा प्रदान किया जाने वाला मानवाधिकार कार्यों से संबंधित सर्वोच्च सम्मान है। पहला ‘सखारोव पुरस्कार’ दक्षिण अफ्रीका के रंगभेद विरोधी क्रांतिकारी नेल्सन मंडेला और सोवियत संघ के विद्रोही लेखक ‘अनातोली मार्चेंको’ को वर्ष 1988 में प्रदान किया गया था। यूरोपीय संघ द्वारा यह पुरस्कार प्रायः राजनीतिक विद्रोहियों, राजनीतिक लेखकों, पत्रकारों, वकीलों, लेखकों, अल्पसंख्यक नेताओं और आतंकवाद विरोधी समूहों को प्रदान किया जाता है। इस पुरस्कार के अन्य विजेताओं में मलाला यूसुफज़ई (2013), वेनेज़ुएला का मज़बूत लोकतांत्रिक विपक्ष (2017) और अर्थशास्त्र की प्रोफेसर व चीन के उइगर मुस्लिमों की वकालत करने वाले ‘इल्हाम तोहती’ (2019) शामिल हैं।

हरियाणा में ‘मुफ्त शिक्षा’ पहल

हाल ही में हरियाणा सरकार ने सरकारी स्कूलों में कक्षा 12 तक के सभी छात्रों के लिये ‘मुफ्त शिक्षा’ की घोषणा की है। राज्य सरकार की घोषणा के मुताबिक, कक्षा 9 से 12 तक के छात्रों से स्कूलों में किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा, साथ ही उन्हें मुफ्त किताबें भी प्रदान की जाएंगी। गौरतलब है कि देश भर में ‘मुफ्त शिक्षा’ की अवधारणा पहले से ही ‘मिडिल स्कूल’ यानी कक्षा 8 तक लागू है, जबकि अब राज्य सरकार की योजना इस अवधारणा को सरकारी स्कूलों में कक्षा-12 तक विस्तृत करना है। राज्य सरकार के मुताबिक, यह पहल नई ‘राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020’ (NEP-2020) के अनुरूप है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-26-october-2021